पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-19 वृहस्पतिवार, दिनांक-14 मार्च, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.50 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 03 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्प सूचित प्रश्न अनागत ।

(iii) 11 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 2419 भवन निर्माण विभाग को स्थानान्तरित ।

(v) 120 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

आज दिनांक 14.03.2013 को प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री रामानन्द राम

(ii) श्री चन्द्रशेखर

(iii) श्री कुमार शैलेन्द्र

(iv) श्री दिनेश कुमार सिंह

(v) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(vi) श्री रामनरेश प्रसाद यादव

(vii) श्री गोपालजी ठाकुर

(viii) श्री राजेश्वर राज

(ix) श्रीमती उषा विद्यार्थी

(x) श्री जनक सिंह

(xi) श्रीमती वीणा देवी

(xii) श्री राजकुमार राय

(xiii) श्री ललन राम

(xiv) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह

(xv) श्रीमती भागीरथी देवी

[4] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ** :-

(i) मा० सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों का गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित दिनांक 05.03.2013 एवं 08.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री सदानन्द सिंह एवं अन्य सभासदों का गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित दिनांक 07.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(iii) मा० सदस्य श्री जीतेन्द्र कुमार एवं अन्य सभासदों का खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित दिनांक 07.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 19.03.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(iv) मा० सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग से संबंधित दिनांक 08.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा० प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

मा० सदस्यों के इस उत्तर से असंतुष्ट होने पर आसन द्वारा इसकी जाँच दो महीने के अंदर आर्थिक अपराध (अनुसंधान कोषांग विभाग) से कराये जाने की घोषणा की गई ।

(v) मा० सदस्य श्री ज्ञानचंद मांझी एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(vi) मा० सदस्य श्री चन्द्रशेखर एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभगा से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा० प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

[5] **सभा मेज पर प्रतिवेदनों का रखा जाना** :-

(i) मा० सभापति, लोक लेखा समिति श्री ललित कुमार यादव द्वारा समिति का 500वाँ प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) मा० सभापति, शून्यकाल समिति श्री अवनीश कुमार सिंह द्वारा समिति का 52वाँ, 53वाँ, 54वाँ एवं 55वाँ प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[6] **वित्तीय कार्य** :-**वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदान की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान**:-

मा० प्रभारी मंत्री लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग श्री चन्द्रमोहन राय द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि द्वारा सरकार की लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री ललन राम

(मा० उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री बृजकिशोर सिंह
(iii) श्री रामदेव महतो
(iv) श्री अवधेश कुमार राय
(v) श्री मनोहर प्रसाद सिंह
(vi) श्री मो० आफाक आलम
(vii) डॉ० रणविजय कुमार
(viii) श्री जावेद इकबाल अंसारी
(ix) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(x) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xi) श्री रतनेश सादा

(मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xii) श्री जनक सिंह
(xiii) श्री अख्तरूल इसलाम शाहिन
(xiv) श्री प्रमोद कुमार

मा० प्रभारी मंत्री लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग श्री चन्द्रमोहन राय द्वारा वाद-विवाद का सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

तदुपरांत सदन द्वारा मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[7] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 36 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 15 मार्च, 2013 के 11.00 बजे पूर्वाहन् तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-14.03.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।